**<u>भा.कृ.अनु.प.-भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, खंडवा रोड, इन्दौर-452001</u>**

**<u>फ़ाइल क्रमांक: प्रेस नोट/प्रेस व पब्लिसिटी/2022/60</u>**

# *भा.कृ.अनु.प - भारतीय सोयाबीनअनुसंधान संस्थान, इंदौर द्वारा किया गया "स्वच्छता पखवाड़ा 2022" का आयोजन*

**इंदौर, मध्यप्रदेश.** विगत कई वर्षों से भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन को बढ़ावा देने हेतु "स्वच्छता पखवाड़े" का आयोजन किया जाता है, जिसके अंतर्गत जनता में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान, इंदौर द्वारा दिनांक 16 से 30 दिसंबर, 2022 के दौरान "स्वच्छता पखवाड़ा" मनाया गया। इसके उद्‌घाटन समारोह के अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ के.एच. सिंह द्वारा सभी वैज्ञानिक, प्रशासनिक एवं तकनीकी सहित समस्त कार्मिकों को हर वर्ष 100 घंटे यानि हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करने तथा "गन्दगी ना करूँगा ना करने दूंगा" साथ ही वातावरण को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने की शपथ ग्रहण करवाई गयी। इस श्रृंखला में संस्थान में "किसान दिवस" भी मनाया गया, जिसके अंतर्गत कृषक-वैज्ञानिक परिचर्चा सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमे संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ बी.यु. दुपारे द्वारा अपने उद्बोधन में "घर के साथ-साथ खेत तथा परिसर को स्वच्छ रखने" का आवाहन किया गया। इस पखवाड़े के अंतर्गत संस्थान द्वारा विभिन्न स्वच्छता सम्बंधित स्थलों पर स्वच्छता बैनरों को लगाकर स्वच्छता संबंधित जागरूकता जानकारी से समस्त स्टाफ को अवगत कराया गया। संस्थान के कर्मियों द्वारा  कार्यालय भवन, एग्री-बिजनेस इन्क्यूबेशन केंद्र, जल निकास नालियों, एवं संस्थान के आवासीय परिसर सहित विभिन्न क्षेत्रों की सफाई की गयी। संस्थान की स्वच्छता अभियान समिति के सदस्य सचिव श्री श्याम किशोर वर्मा, द्वारा श्रीराम कान्वेंट स्कूल, मुसखेडी, इंदौर के छात्र एवं छात्राओं के मध्य स्वच्छता पर पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन समारोह 30 दिसंबर को आयोजित किया गया जिसके माध्यम से उत्कृष्ट कार्य करने वाले

कर्मियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया एवं इस कार्यक्रम के सफल समापन के लिए आभार व्यक्त किया गया।

……………………………………………………………………………………








